राजस्थान सरकार

**राजस्थान व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद्, (RCVET)**

**राजकीय आई0 टी0 आई0 के पास, मारूति नेक्सा शो–रूम के सामने,**

**सरस डेयरी रोड़, शास्त्री नगर, जोधपुर–342003**

**Tel: 0291-2636071, E-Mail: exam.dte.trg.raj@gmail.com**

क्रमांकःप.स.9(   )/RCVET/प्र–5/परीक्षा/2019/417    दिनांकः– 03/10/2019

**श्रीमान् आचार्य/अधीक्षक**
**समस्त राजकीय / निजी ITI**

विषयः– समस्त राजकीय/निजी ITI के प्रशिक्षणार्थियो का शत–प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के प्रयास के सम्बंध में।

सन्दर्भः– श्रीमान् निदेशक (प्रशिक्षण) का कार्यालय आदेश क्रमांक 102528 दिनांक 23.09.19 के D का बिन्दु संख्या 4

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 28.08.19 को आयोजित RCVET की Governing Body की बैठक में आयुक्त महोदय द्वारा प्रस्तुत की गई राज्य की समस्त ITI के कायाकल्प (Transformation) की योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियो का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत प्राप्त करने हेतु निम्न निर्देश जारी किये जाते है :–

1. सभी संस्थानो में प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में उस माह के दौरान पढ़ाये गये पाठ्यक्रम अनुसार मासिक परीक्षा व प्रत्येक 3 माह के अन्तिम सप्ताह में उक्त अवधि के दौरान पढ़ाये गये पाठ्यक्रम अनुसार त्रैमासिक परीक्षा आयोजित की जाये व इनका अंकन Progress Card में भी किया जाये।
2. सभी संस्थानो में वर्ष के अन्त में NCVT परीक्षा से पूर्व वार्षिक परीक्षा आयोजित की जाये जिसका Pattern NCVT परीक्षा के प्रश्न पत्र के अनुरूप हो ताकि उक्त परीक्षा छात्रो के लिये NCVT परीक्षा से पूर्व का पूर्वाभ्यास साबित हो।
3. उक्त परीक्षाओं में कम अंक लाने वाले छात्रो पर विशेष ध्यान दिया जाये व अतिरिक्त अभ्यास कक्षाये लगायी जाये।
4. वार्षिक पद्वति के परीक्षार्थियों का MIS Portal पर Formative Assessment H-1 (100 अंक) व H-2 (100 अंक) भरने हेतु DGT नई दिल्ली द्वारा जारी नवीनतम सेलेबस में उपलब्ध है (Format संलग्न)। उपरोक्त Formative Assessment H-1 (100 अंक) व H-2 (100 अंक) के प्रत्येक कॉलम की मार्किंग छात्र के Progess Card में अंकित क्रमशः सत्र के प्रथम छः माह व अन्तिम छः माह में प्राप्त अंको के प्रतिशत के आधार पर की जाये **व A**ttendance / Punctuality Column की पूर्ति छात्र की क्रमशः सत्र के प्रथम छै माह व अन्तिम छै माह की प्रतिशत उपस्थिती के आधार पर की जाये व उक्त Formative Assessment में दर्ज अंको को MIS Portal पर Upload किया जाये।
5. NCVT परीक्षा से पूर्व सभी छात्रो को संस्थान की COPA व IT Lab में उपलब्ध Computer पर Online परीक्षा का अभ्यास कराया जाये (जो DGT New Delhi द्वारा आगामी समय में लागू किये जाने की सम्भावना है।) इस हेतु यथा समय विभाग की Website पर मोक टेस्ट (Computer Based Test (CBT)) का Link उपलब्ध करा दिया जायेगा।
6. उपरोक्त मासिक परीक्षा , त्रैमासिक परीक्षा व वार्षिक परीक्षा के अलावा छात्रो को bharatskills.gov.in की Website पर उपलब्ध प्रायोगिक अभ्यासो को हल कराने का अभ्यास कराया जाये ।

उक्त परीक्षाओ की कोपियॉ/जॉब का रिकोर्ड आगामी NCVT परीक्षा के आयोजित होने तक सुरक्षित रखा जाये व नियमित निरीक्षण/आकस्मिक निरीक्षण के समय आवश्यक रूप से निरीक्षण कर्ता अधिकारी को प्रस्तुत किया जाये। उपरोक्त अभ्यासो / परीक्षाओं के बावजूद यदि किसी संस्थान का परीक्षा परिणाम व्यवसाय/विषय में असंन्तोषजनक रहता है तो संस्था प्रधान व व्यवसाय/विषय अनुदेशक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय

आयुक्त
कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग,
जयपुर

कमांक:प.स.9(    )/RCVET/प्र–5/परीक्षा/2019/418 दिनांक:–09/10/2019

प्रतिलिपि:– उपनिदेशक (प्रशिक्षण) प्राविधिक शिक्षा, क्षेत्रिय कार्यालय (समस्त) को देकर लेख है कि आप अपने क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय/निजी ITI में निरीक्षण के दौरान उक्त बिन्दुओ की जॉच अवश्य करे व अपनी रिपोर्ट निदेशक (प्रशिक्षण) महोदय को प्रस्तुत करें।

निदेशक (प्रशिक्षण)